# भजलो राधा जी का नाम | By Varsha Shrivastava

भजलो राधा जी का नाम
प्रगटेंगे गिरधर घनश्याम
हर एक सांस का है आधार
श्री राधा रानी का नाम
भजलो राधा जी का नाम ........

राधा नाम में कृष्ण समाये,कृष्ण में राधा गाये
एक दूजे से हैं अभिन्न पर,भिन्न ही रूप दिखाएं
युगों युगों से चलती आई लीला है अविराम
भजलो राधा जी का नाम ........

जितना सुमिरन नाम करेंगे उतना पाप कटेगा
पीड़ा से पीछा छूटेगा हर संताप हटेगा
भव सागर से तारने वाली नैया है केवल ये नाम
भजलो राधा जी का नाम ........

जाने कौन घडी है अंतिम साँसों का क्या भरोसा
हर पल राधा राधा बोलो, जीवन है एक धोखा
छोटी सी यात्रा में जाने कब हो जाये शाम
भजलो राधा जी का नाम ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-varsha-shrivastava/